# केन्द्रीय विद्यालय संगठन, पटना संभाग, पटना

S8HD2

# सत्रान्त परीक्षा, 2017–18

## कक्षा - अष्टम

## हिन्दी

क्र० सं० 2543

समय– 2:30 घंटे | | पूर्णांक–80

**सामान्य निर्देश –**

(क) इस प्रश्न-पत्र के चार खण्ड हैं-क, ख, ग, घ ।

(ख) सभी प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित हैं ।

(ग) परीक्षार्थी यथासंभव उत्तर क्रमश: सभी खण्डों से दें ।

## खण्ड–'क'

1. निम्न अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें – 1×5=5

बालगोबिन भगत मझौले कद के गोरे चिट्‌ठे आदमी थे । साठ के ऊपर ही होंगे । बाल पक गए थे । लम्बी दाढ़ी या जटाजूट तो नहीं रखते थे, किन्तु हमेशा उनका चेहरा सफेद बालों से ही जगमग किए रहता । कपड़े बिलकुल कम पहनते । कमर में एक लंगोटी मात्र और सिर में कबीर पंथियों की सी कनपटी टोपी । जब जाड़ा आता, एक काली कमली ऊपर से डाल लेते थे । मस्तक पर हमेशा चमकता हुआ रामनन्दी चन्दन, जो नाक की एक छोर से ही औरतों के टीका की तरह शुरू होता । गले में तुलसी की जड़ी की एक बेडौल माला बांधे रहते ।

(i) बालगोबिन भगत कैसे आदमी थे ?

(क) लम्बे और गोल मटोल

(ख) नाटे परन्तु गोरे रंग के

(ग) मझौले कद के गोर चिट्‌ठे

(घ) काले-कुरूप और भयानक आकृति के ।

Scanned by CamScanner

(ii) उनकी उम्र क्या थी ?

(क) पैंतीस से ऊपर

(ख) सत्तर के पार

(ग) पैंतालीस-पचास के बीच

(घ) साठ के ऊपर

(iii) वह कपड़े कितना पहनते थे ?

(क) आवश्यकता से बहुत अधिक

(ख) बिलकुल नहीं पहनते थे

(ग) नाम मात्र के

(घ) बिलकुल कम पहनते थे

(iv) गले में क्या पहनते थे ?

(क) हीरे की हरे रंग की माला पहनते थे

(ख) रुद्राक्ष की पंचमुखी माला

(ग) तुलसी की जड़ी की एक बेडौल माला पहनते थे

(घ) स्फटिक की लाल रंग की माला

(v) उनका चेहरा किस चीज से जगमग किए रहता था ?

(क) मुलतानी मिट्टी के प्रयोग से

(ख) पतंजलि के केश निखार से

(ग) रामनन्दी चन्दन से

(घ) सफेद बालों से ही जगमग किए रहता था

Scanned by CamScanner

2. निम्न अपठित काव्यांश को पढ़कर नीचे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें – 1×5=5

तुम्हारी यह दंतुरित मुसकान
मृतक में भी डाल देगी जान
धूलि-धूसर तुम्हारे ये गात...
छोड़कर तालाब मेरी झोंपड़ी में खिल रहे जलजात
परस पाकर तुम्हारा ही प्राण,
पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण
छू गया तुमसे
किस झरने लगे पड़ शेफालिका के फूल
बाँस था कि बबूल ?
तुम मुझे पाए नहीं पहचान ?
देखते ही रहोगे अनिमेष
थक गए हो ?
आँख लूँ मैं फेर ?

(i) दंतुरित मुसकान किसमें जान डाल देगी ?

(क) रुग्न व्यक्ति में

(ख) सहृदय व्यक्ति में

(ग) मृतक में

(घ) पुरुषार्थी में

Scanned by CamScanner

(ii) जलजात तालाब छोड़कर कहाँ खिल रहे हैं ?

(क) मानसरोवर में

(ख) अपार्टमेन्ट में

(ग) तालाब में

(घ) झोपड़ी में

(iii) क्या पिघलकर कठिन पाषाण बन गया होगा ?

(क) जल पिघलकर कठिन पाषाण बन गया होगा

(ख) बर्फ पिघलकर

(ग) पानी पिघलकर

(घ) बालू जमकर

(iv) शेफालिका के फूल कब झरने लगे ?

(क) जब कवि ने कविता रची

(ख) शिक्षक द्वारा कविता पढ़ाने पर

(ग) जब कवि का स्पर्श नवजात से हुआ

(घ) कवि जब दंतुरित मुसकान से दूर था

(v) कविता के अन्त में कवि क्या फेरने की बात करते हैं ?

(क) आँख फेर लेने की

(ख) दृष्टि फेरने की

(ग) विचार बदलने की

(घ) मुँह फेर लेने की

Scanned by CamScanner

## खण्ड – 'ख'

3. निम्नांकित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखें – 1×5=5

बस सचमुच चल पड़ी और हमें लगा कि यह गाँधी जी के असहयोग और सविनय अवज्ञा आन्दोलनों के वक्त अवश्य जवान रही होगी । उसे ट्रेनिंग मिल चुकी थी । हर हिस्सा दूसरे से असहयोग कर रहा था । पूरी वस सविनय अवज्ञा आन्दोलन के दौर से गुजर रही थी । सीट का बॉडी से असहयोग चल रहा था । कभी लगता सीट बॉड़ी को छोड़कर आगे निकल गई है । कभी लगता कि सीट को छोड़कर बॉडी आगे भागी जा रही है । आठ-दस मील चलने पर सारे भेद-भाव मिट गए । यह समझ में नहीं आता कि सीट पर हम बैठे हैं या सीट हम पर बैठी है ।

(क) रचना और रचनाकार का नाम लिखें ।

(ख) लेखक को क्या लगा ?

(ग) सीट का बॉडी से क्या चल रहा था ?

(घ) बस को क्या मिल चुकी थी ?

(ङ) लेखक को क्या समझ में नहीं आया ?

4. निम्नांकित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखें :– 1×5=5

जाति न पूछो साध की, पूछ लीजिए ज्ञान ।
मोल करो तलवार का, पड़ा रहन दो म्यान ।। 1 ।।
आवत गारी एक है उलटत होइ अनेक ।
कह कबीर नहिं उलटिए, वही एक की एक ।। 2 ।।
माला तो कर मे फिरै, जीभि फिरै मुख माँहि ।
मानुआँ तो दहुँ दिसि फिरै, यह तौ सुमिरन नाहि ।। 3 ।।

(क) कवि और कविता का नाम बतावें ।

(ख) हमें साधु से क्या पूछना चाहिए और क्या नहीं ?

(ग) कबीरदास जी ने गाली के बारे में क्या कहा है ?

Scanned by CamScanner

(घ) माला और जीभ कहाँ-कहाँ फिरती है ?

(ङ) कवि की दृष्टि में सही सुमिरन क्या है ?

5. निम्न प्रश्नों के उत्तर दें – 7×2=14

(क) कवि ने ऐसा क्यों कहा है कि उनका अंत अभी नहीं होगा ?

(ख) काँच की चूड़ियों में क्या-क्या दोष है ?

(ग) पत्र को विभिन्न भाषाओं में किस-किस नाम से जानते हैं ?

(घ) पहली बोलती फिल्म तथा फिल्मकार के नाम बतावें । इसकी प्रेरणा इनको कहाँ से मिली थी ?

(ङ) ''पानी परात को हाथ छुयो नहिं, नैनन के जल सों पग धोए'' पंक्ति के आधार पर श्रीकृष्ण की मनोदशा पर प्रकाश डालें ।

(च) बाज़ जिन्दगी भर उड़ता रहा फिर भी घायल होकर भी वह आकाश में क्यों उड़ना चाहता था ?

(छ) गवरइया और गवरा के बीच किस बात पर बहस हुई और गवरइया को अपनी इच्छा पूरी करने का अवसर कैसे मिला ?

## खण्ड–ग लेखन

6. गुणवाचक विशेषण की परिभाषा देते हुए इसके दो उदाहरण दें । 2

7. निम्न मुहावरों की अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग करें – 2

(क) अंतिम विदा देना

(ख) आगा-पीछा करना

8. संज्ञा की परिभाषा देकर व्यक्तिवाचक संज्ञा के तीन उदाहरण दें । 2

9. निम्न शब्दों के सन्धि-विच्छेद करें – 2

(क) महेन्द्र (ख) देवालय

10. द्वन्द्व समास की परिभाषा के साथ दो उदाहरण दें । 2

Scanned by CamScanner

11. निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखें – 2

(क) विदेयालय (ख) परिक्क्षा

(ग) प्राचारज (घ) अनूसापण

12. 'परा' तथा 'प्र' व्याकरण की दृष्टि से क्या है ? इनसे एक शब्द निर्माण कर मूल शब्द, प्रत्यय तथा निर्मित शब्द बतावें । 2

13. उपसर्ग तथा प्रत्यय की परिभाषा देकर दोनों का अन्तर बतावें । 2

14. दैनिक जीवन में मोबाइल की उपयोगिता पर एक अनुच्छेद लिखें । 5

15. अपनी बड़ी बहन के ब्याह में आमंत्रित करने के लिए प्राचार्य को एक प्रार्थना-पत्र लिखें । 5

16. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 150 शब्दों में निबंध लेखन करें – 10

(क) आपकी प्रिय पुस्तक

(ख) मोबाइल– वरदान या अभिशाप

(ग) क्रिकेट

(घ) देशप्रेम

## खण्ड – 'घ'

17. (क) जवाहरलाल नेहरू को 1942 से 1945 के बीच किस शहर में कहाँ और कितने नम्बर के कमरे में रखा गया था ? $2\times5=10$

(ख) सिन्धुघाटी की सभ्यता के अवशेष कहाँ-कहाँ प्राप्त होते हैं ?

(ग) वेद शब्द की उत्पति किस धातु से है और इसका अर्थ क्या है ?

(घ) 'महाभारत' की मूल विषय-वस्तु क्या है ? इसकी विषय-वस्तु पर संक्षेप में प्रकाश डालें ।

(ङ) भगवतगीता किस ग्रन्थ का अंश है ? इसका रचनाकाल तथा श्लोक संख्या बतावें ।

❄❄❄❄

Scanned by CamScanner